मंजूर हुई है। आप भी यह तो मानेंगे कि इस दौरान में 25 प्रति ात महंगाई बढ गयी है। अगर उस हिसाब से भी देखा जाये तो यह ऐनुअल प्लान केवल 640 करोड रूपये की ही रह जायेगी। इसलिये विकास की गति धीमी रहेगी।

इसके साथ ही साथ इस सरकार ने जो बजट पे ा किया है उसमें कर्जे की स्थिति बहुत ही भयावह है। हरियाणा पर पहले 159.76 करोड का कर्जा था लेकिन 31 मार्च 1990 तक 1868.51 करोड हो गया और 31 मार्च 1991 को 2141.44 करोड कर्जा हो जाएगा ऐसा अनुमान है। इस प्रकार इस सरकार ने इन सालों के अन्दर इस प्रान्त पर हजारों करोड रूपए का कर्जा बढाया है। इसमें ग्राम पेयजल योजना का जिक्र आया है। एक मुख्य मंत्री पिता की ऊंगली पकड कर यहां पर आए। उन्होंने नव वर्श की पूर्व संध्या पर घोशणा की कि 31 दिसम्बर 1990 तक सभी गांवों में पानी की सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी। इन्होंने कहा है कि 85 समस्याग्रस्त गांव ऐसे हैं जहां पानी की सुविधा देनी है। इसके साथ साथ 356 गांव ऐसे हैं जो समस्याग्रस्त तो नहीं है लेकिन वहां पर पानी की कमी है। अध्यक्ष महोदय, यह सरकार इस साल में केवल 86 गांवों को पानी दे पाई है जबकि इन्होंने वायदा सभी समस्याग्रस्त गांवों को पानी देने का किया था। अब ये इस काम को दो साल के अन्दर पूरा कर पाएंगे। स्पीकर साहब, 28 प्रति ात आबादी भाहरों के अन्दर रहती है। पता नहीं कि किन कारणों से भाहरों की उपेक्षा की जा रही है।

काफी भाहरों में भी पानी की किल्लत है। मल निकास यानी सिवरेज सिस्टम के बारे में कहना चाहता हूं कि भाहरों में इसकी हालत बहुत खराब है। इस सरकार ने मल निकास और जल निकास के लिए 2.95 करोड रूपया और 1.60 करोड रूपया रखा है। इतनी थोडी रकम से केवल दो चार भाहरों में यह सरकार काम कर पाएगी। यह सरकार अटठाईस प्रति ात आबादी की उपेक्षा कर रही है। ये कहते हैं कि म्यूनिसिपल कमेटियों द्वारा काम करवाया जाएगा लेकिन म्यूनिसिपल कमेटियों के लिये तो केवल एक करोड का प्रावधान है और हरियाणा में 81 म्यूनिसिपल कमेटियां हैं। एक करोड रूपए से 81 म्यूनिसिपल कमेटियां केसे काम कर पाएंगी यह बात हमारी समझ में नहीं आती।

स्पीकर साहब, अनुसूचित जाति और पिछडे वर्ग के कल्याण के लिये बहुत कम धन रखा गया है। जहां 17 प्रति ात आबादी हो उनके लिये 4 करोड 42 लाख रूपये का प्रावधान रखा है। इस साल छात्रवृत्तियों के लिये धन कम रखा गया है जबकि विद्यार्थियों की गिनती बढती जा रही है लेकिन छात्रवृतियां कम की गई हैं इस बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि यह रकम बढाई जाए।

स्पीकर साहब, जहां तक श्रम तथा रोजगार का संबंध है इस बजट में खान मजदूरों के बारे में कोई जिक्र नहीं है। बदरपुर में तथा स्लेट की खानों में जो मजदूर काम करते हैं उनका बडा भाोशण होता है। स्पीकर साहब, हरियाणा सरकार कृशि के दायरे

में लोगौं के बीच बडी डींग हांका करती थी। मैं केन्द्रीय सरकार के एक व्यक्ति वि ोश का नाम लेकर चर्चा करना चाहता हूं। चौधरी देवी लाल कहते थे कि गेहूं का भाव 183 से 215 कर दिया। स्पीकर साहब, अगर हम 15 प्रति ात महंगाई को कम कर दें तो यह भाव 183 रह जाएगा। इसी तरह से कपास, सरसों और गन्ने की हालत है। यह कहते हैं कि गन्ने का भाव 46 रूपया क्विंटल कर दिया। अगर पन्द्रह प्रति ात महंगाई घटा दें तो गन्ने का भाव 39.10 रूपया रह जाएगा।

श्री अध्यक्षः बस अब आप खत्म करिए।

श्री परमा नन्दः स्पीकर साहब, बस अभी खत्म कर रहा हूं। मैं अब डिवैलपमैंट के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। स्पीकर साहब, इसके लिए धन कम रखा गया है। स्पीकर साहब टूरिज्म की बात इसमें कही गई है। हरियाणा में चार ऐसे टूरिस्ट काम्पलैक्स हैं जो लगातार घाटे में जा रहे हैं लेकिन फिर भी वहां पर स्वचालित म्यूजिकल फाउंटैन्ज लगाए जा रहे हैं। मुझे समझ नहीं आता कि जहां घाटा हो रहा है वहां इस प्रकार के इंस्ट्रूमैंट लगाने की क्या जरूरत है ? स्पीकर साहब, हो सकता है कि यह सब कुछेक लोगों को या उनके बच्चों को ऐ ा कराने के लिये पैसा खर्च कर रहे हैं या वास्तव में टूरिज्म की तरक्की के लिए काम कर रहे हैं ?

जहां तक सडकों को गांवों से जोडने का सवाल है, इस बारे में मैंने पिछली बार भी कहा था कि केवल एक गांव ही सडक से जोडा गया है लेकिन इनके इकनौमिक सर्वे में यह लिखा है कि दो गांव जोडे गये हैं तो मैं यह जानना चाहता हूं कि जो 69 गांव बाकी हैं उनको किस प्रकार सडकों से जोडा जाएगा और कब यह काम पूरा होगा ?

अध्यक्ष महोदय, अब मैं अपने हल्के जीन्द के बारे में भी कुछ कहना चाहता हूं। वहां पर सडकों की बुरी हालत है। इसलिये वहां पर सडकों के साथ साथ सीवरेज का भी प्रबन्ध किया जाए। हसनपुर व भामदो माईनर्ज का काम भी भुरू करवाया जाए ताकि लोगों की दिक्कतों को दूर किया जा सके। इसी तरह से जो सडकें भूग्रर मिल को मिलाती हैं, उनकी ओर भी खास तवज्जों दी जाए अगर इन सडकों की ओर ध्यान दिया जाएगा तो इससे 30–30 किलोमीटर का लोगों को आने जाने में फर्क पडेगा। इन सडकों के न बनने के कारण रोजाना वहां पर ऐक्सीडैंट भी होते हैं। ऐसे कुछ गांवों की लिस्ट मैं मन्त्री महोदय को दे देता हूं ताकि उन गांवों को पक्की सडकों से जोडा जा सके।

इसी तरह से बुढापा पैन् ान के बारे में कहना चाहता हूं कि हैड क्वार्टर की बजाय बुढापा पैन् ान का वितरण एवं स्वीकृत करने का अधिकार जिला स्तर पर ही दे दिया जाए तो बेहतर रहेगा। जिला स्तर पर ही यदि किसी अफसर को इसके लिये नौमीनेट कर दिया जाए तभी लोगों को समय पर पैन् ान

मिल सकेगी। (ाोर) मैं आपको बताता हूं कि एक विधवा को मेरे इलाके में पिछले अढाई साल से पैन् ान नहीं मिली है। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

श्री अ ाोक कुमार (थानेसर): अध्यक्ष महोदय, हमारे वित्त मंत्री महोदय जी ने कर रहित बजट इस हाउस में प्रस्तुत किया है, इसके लिये मैं उनको बधाई देता हूं। अध्यक्ष महोदय, मैं भी इस बजट के समर्थन में अपने विचार रखना चाहता हूं। इस बजट में सरकार द्वारा किसानों को बहुत सी राहतें दी गई हैं और आज ये अपोजी ान के भाई जो बडी बढ चढ कर किसानों के हितों की बातें करते हैं इनको अपने मन से यह पूछना चाहिये कि उन्होंने आज तक किसानों की भलाई के लिये किया ही क्या है ? सभी हरियाणा के लोग इस बात से पूरी तरह से अवगत भी हैं कि पिछली सरकार ने किसानों की भलाई के लिये कुछ नहीं किया। मुझे याद है कि हमने जब एक बार गन्ने का रेट केवल एक रूपया बढाने के लिये यमुनानगरे में भाूगर मिल के सामने प्रद ान किया था तो कांग्रेस सरकार के भाइयों ने हम पर लाठियां बरवाई थीं और सर्दियों के दिनों में लोगों के ऊपर फव्वारों का पानी फैंका था। (ोम भोम की आवाजें) फिर ये लोग किस मुंह से कहते हैं कि इस सरकार ने किसानों के लिये कुछ नहीं किया और हमारी सरकार ने ही किसानों के भले के लिये बहुत कुछ किया था हमारी इस सरकार ने किसानों को मैक्सीमम 46 रूपये क्विंटल के हिसाब से गन्ने का भाव दिया है जिससे किसान बेहद खु ा हैं। जहां

तक कोआपरेटिव सैक्टर की बात है, उसके बारे में तो हमारे माननीय मन्त्री श्री धीर पाल सिंह जी ने बताया है कि पहले इनके वक्त में भूगर मिलों में चीनी का भाव 13–14 रूपये के0जी0 होता था और अब चीनी का भाव 9 रूपये पर किलो ग्राम है। पहले गन्ने का भाव 23 रूपये क्विंटल का था लेकिन अब 46 रूपये प्रति क्विंटल का है। इसके बावजूद भी आज हमारी भूगर मिलें प्रौफिट में जा रही हैं। (तालियां)

इससे आगे मैं यह कहना चाहता हूं कि मेरे हल्के में पानी का लैवल बहुत नीचे चला गया है जिसकी वजह से पैडी की फसल में भारी कमी आई है। इसलिए सरकार इस ओर ध्यान दे।

अध्यक्ष महोदय, भूगर मिलों के बारे में मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि हमारे इलाके के अन्दर गन्ने की फसल बहुत ज्यादा होती है लेकिन वहां पर भूगर मिल का अभाव है। इसलिये मेरी सरकार से रिकवैस्ट है कि मेरे हल्के में मदाना के अन्दर एक भूगर मिल लगाई जाए ताकि किसानों को अपनी फसल का सही रेट मिल सके। गन्ने का जो भाव दूसरे किसानों को मिलता है। वही भाव हमारे इलाके के किसानों को भी मिलना चाहिये क्योंकि वे भी गन्ने की ज्यादा पैदावार करते हैं। सरकार इस ओर ध्यान दे।

ि ाक्षा के बारे में सरकार ने जो लडकियों के स्कूलों को अपग्रेड करने के बारे विचार किया है, वह सचमुच में ही

सराहना के काबिल है। सरकार ने इस बजट स्पीच में कहा है कि वर्श 1991–92 में लडकियों के लिये 100 प्राथमिक स्कूल खोले जाएंगे और 50 माध्यमिक स्कूलों का दर्जा बढाया जाएगा। यह बडी अच्छी बात है लेकिन थानेसर भाहर में एक लडकियों का स्कूल है जो बहुत पुराना है। वहां पर दो ि ाफ्टों में काम हो रहा है। फिर कुरूक्षेत्र जिला के अन्दर 10+2 का कोई स्कूल लडकियों के लिए नहीं है। इसलिये इस स्कूल का दर्जा बढा कर इसको 10+2 कर दिया जाए। यह मेरी सरकार से प्रार्थना है।

स्पीकर साहब, सरकार ने अपनी बजट स्पीच में 71 परसैंट पैसा देहातों में खर्च करने का प्रावधान किया है। यह भी एक सराहनीय काम है। इसके लिये मैं सरकार का धन्यवाद करता हूं। स्पीकर साहब, हमारी सरकार ने चने की दला पर चार परसैंट से सेल्ज टैक्स घटा कर एक परसैंट किया है। ऐसा करके सरकार ने व्यापारियों को बडी भारी सुविधा दी है। इससे व्यापारी काफी परे ाान थे क्योंकि दिल्ली में इस पर एक परसैंट सेल्ज टैक्स था और यहां पर चार परसैंट था। जहां तक कानून और व्यवस्था की बात है, हमारे होम मिनिस्टर साहब मुबारिकबाद के पात्र हैं। यहां पर कुछ भारारती तत्वों ने मंडल के नाम पर और कमंडल के नाम पर कानून व्यवस्था को खराब करने की कोि ाश की। मैं होम मिनिस्टर साहब को मुबारिकबाद देता हूं कि उन्होंने कानून व्यवस्था को ठीक रखा। (विघ्न) जहां तक कर्मचारियों को सुविधा देने की बात है हमारी सरकार ने अपनी कथनी और करनी में

कोई अन्तर नहीं रखा। सरकार ने उनकी मांगे पहले ही पूरी कर दीं अब तो ये लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिये कहते हैं कि हम उनके साथ हैं वरना और कोई बात नहीं है। इस सरकार ने 24 घंटे बिजली देकर किसानों को बहुत खु ाहाल बनाया है। मेरा हलका पैडी का हल्का है वहां पर बिजली की बहुत कमी रहती है। पिपली का जो सब स्टे ान है वह पहले 66 के0वी0 का था और अब वह 132 के0वी0 का मंजूर हुआ है। मेरा निवेदन है कि उसे भीघ्र पूरा किया जाए। सरकार ने न्यूनतम मजदूरी 815 रूपये बांधी है इसके लिये मैं सरकार को मुबारिकबाद देता हूं। इन भाब्दों के साथ जो बजट श्री तैयब हुसैन जी ने पे ा किया है मैं उसका समर्थन करता हूं।

कामरेड हरपाल सिंह (टोहाना): स्पीकर साहब, बजट के ऊपर कल से चर्चा चल रही है। मुझे मालूम नहीं कि बजट पर पहले किस तरह से चर्चा होती थी लेकिन दो तीन साल को तो मेरा भी तजुरबा है, बिटर एक्सपीरिएंस है कि विधान सभा के अन्दर लोगों की मांगों को लेकर जब सवाल रखा जाता है तो उसका जवाब किस प्रकार से दिया जाता है। अगर पूछा जाता है कि फलां जगह भ्रश्टाचार है तो उसका जवाब आता है कि हम तो करेंगें आप हमारा क्या करेंगे। मैं सरकार से दर्खास्त करूंगा कि यहां पर लोकायुक्त का गठन किया जाए। ऐसी बातें पहली बार देखने को मिली हैं। विधान सभा के अन्दर जितने मंत्रीगण हैं या सदस्य हैं उनके बारे में देखा जाए कि चार साल पहले उनके

परिवार की क्या सम्पत्ति थी और आज क्या है ? यह देखा जाए कि पिछले चार सालों में किसने कितना धन अर्जित किया है और कहां कहां से अर्जित किया है। इस बात की जानकारी के लिये लोकायुक्त नियुक्त किया जाना बहुत जरूरी है। यहां पर टैक्सिज का जिक्र आया कि कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। मैं इनके भाब्दों को कारीगरी को मानता हूं। सै ान भुरू होने से पहले आर्डिनैंस द्वारा टैक्स लगा दिया जाता है और उस आर्डिनैंस को सैं ान में पास करवा दिया जाता है। इसके बाद सै ान उठने पर दोबारा फिर आर्डिनैंस के जरिए टैक्स लगा दिए जाते हैं। इसके अलावा बजट स्पीच में यह नहीं बताया गया कि घाटे को कैसे पूरा किया जाएगा। पिछले साल का बजट स्पीच में यह नहीं बताया गया कि घाटे को कैसे पूरा किया जाएगा। पिछले साल का बजट सात सौ करोड रूपए का था उसको घटा कर 653 करोड रूपए का कर दिया गया। स्पीकर साहब, इस साल बजट में 765 करोड रूपए का प्रावधान किया गया है। यह इस साल के आखिर तक कितना रह जाएगा यह नि चत नहीं है क्योंकि 1990–91 के भुरूआती घाटे व दूसरे कारणें से 700 करोड बजट की रकम घट कर 653 करोड रूपए रह गई थी। इसमें 14 परसैंट की बढौतरी दिखाई गई है जबकि मूल्य सूचकांक में 12 परसैंट की बढोतरी दिखाई गई है जो खुदरा मूल्य में और भी बढ जाती है। यदि इस सारे हिसाब को कम्पेयर करें तो बजट योजना खर्च 1990–91 के बराबर ही बैठता है बल्कि इससे कम रह जाएगा। इसलिये इससे विकास की उम्मीद रखना बिल्कुल फजूल है। इस बजट में प्रदे ा

के विकास की झलक नहीं दिखाई देती है। इस बजट में कोरी भाब्दों की कारीगरी है केवल भाब्दों की बाजीगरी है। यहां सदन के अंदर बार बार माननीय सदस्य मांग करते हैं कि उनके हल्कों में विकास के कार्य किए जाएं जैसे मैंने अपने हल्के टोहाना के अंदर कालेज के ग्रांउड के बारे में बात कही, होस्पीटल के बारे में बात कही उन सभी बातों का सरकार की तरफ से एक ही जवाब आया कि धन उपलब्ध होने पर उन कामों का निर्माण करने की कोि ा ा की जाएगी। इस बजट में कहा गया है कि टोटल बजट का 71 परसैंट पैसा देहात के विकास के कार्यों पर खर्च किया जाएगा। मैं इस सरकार से यह जानना चाहता हूं कि वह 71 परसैंट पैसा देहात के कौन कौन से विकास के कार्यों पर खर्च करेगी ? उस बारे में इस बजट में कुछ नहीं बताया गया है। मेरे हल्के में 6–7 गांव ऐसे हैं जो सडक न होने के कारण टोहाना से नहीं जुडे हुए। उन गांवों की सडकें बनाने के लिये मैंने सरकार को लिस्ट दे दी है। बरसात के दिनों में उन 6–7 गांवों के सिकान अपना अनाज टोहाना की मंडी में नहीं ला सकते। सडक न होने के कारण उन गांवों के किसानों को बहुत ही परे ाानी होती है। जब मैंने उन सडकों के निर्माण के बारे में कहा तो सरकार की तरफ से यही जवाब दिया गया कि धन उपलब्ध होने के बाद उन सडकों का निर्माण कार्य भाुरू हो पाएगा। मेरे हल्के में 1988 में बहुत फ्लड आया था। उस समय रंगोई नाले के कारण जाखल से लेकर फतेहाबाद तक किसानों की फसलें तबाह हो गई थी। दो साल बीत गए सरकार ने उस रंगोई नाले की तरफ कोई ध्यान

नहीं दिया। रंगोई नाला हर साल उस क्षेत्र में नुकसान करता है। मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि सरकार उस नाले के चौडा कराए ताकि मेरे हलके में किसानों की फसलें तबाह न हों। एक बात मैं भूना भूगर मिल के बारे में कहना चाहता हूं। उस मिल की कंस्ट्रक ान का काम करते हुए एक ठेकेदार बीच में ही भाग गया। हमें पता लगा है कि उस ठेकेदार ने उसमें करोडों रूपये का गबन किया है। (ाोर) इस ओर भी सरकार ध्यान दे।

श्री अध्यक्षः कामरेड साहब, आपको समय खत्म हो गया है अब आप बैठे। (ाोर)

कामरेड हरपाल सिंहः ठीक है जी, धन्यवाद।

श्री आत्मा सिंह गिल (रतिया–अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, मैं आप जी दी आज्ञा नाल बोलदे होए जो बजट पे ा कीता गया है ओस दा स्वागत करदां हां। साडी सरकार ने ऐसे बजट विच कोई वी टैक्स नहीं सी लगाया एकलई ऐह सरकार बधाई दी पात्र है। चौधरी देवी लाल जी ने जिन्ने वादे हरियाणा दी जनता नाल कीते सी ओह सारे वादे पूरे कर दिते हन। हरियाणा प्रान्त विच चौधरी देवी लाल जी दी सरकार बणदे ही उन्होंने सारे किसानां दे कर्जे माफ कीते। बुढयां नूं पैं ान दिती। हरियाण प्रान्त दे किसानां नूं बिजली 24 घंटे दिती जांदी है जेहडी कांग्रेस दे राज विच नहीं सी मिलदी। 40 साल कांग्रेस पार्टी दी सरकार रही ओसने हरियाणा प्रान्त दे किसानां लई बिजली पानी

दा प्रबंध नहीं सी कीता। चौधरी देवी लाल जी दी ढाई साल पहले ते साढे तिन साल हुण सरकार रही है उन्होंने हरियाणा प्रान्त दे किसानां नूं पूरी तरां बिजली ते पानी दित्ता है।

मैं चौधरी सम्पत सिंह जी दी वी सराहनां करदां हां कि उन्हां दे सिंचाई ते बिजली मन्त्री बणन तों बाद हरियाणा विच बिजली दी कोई कमी नहीं रैह गई है। किसाना नूं 24 घंटे बिजली मिल रही है। जदों चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी सिंचाई ते बिजली मन्त्री हुंदे सन ओस टाईम विच हरियाणा दे किसानां नूं बिजली नहीं सी मिलदी। पहिलां मजदूरां दी दिहाडी 19 रूपए हुन्दी सी, हुण चौधरी देवी लाल जी ने मजदूरां दी दिहाडी 31 रूपये 40 पैसे कीती है। चौधरी देवी लाल जी ने हरियाणा दी जनता नाल जिन्ने वी वादे कीते सन ओह सारे वादे उन्होंने पूरे कीत हन। ऐसे तरां कणक दा रेट 32 रूपए क्विंटल दे हिसाब नाल वधाया सीं गन्ने दा रेट 45 रूपए क्विंटल कीता सी। सारे हिन्दुस्तान विच ऐसी सरकार नहीं है। मेरे जिहडे साथी सदन विच बैठे हन, ऐह कल तक तां इस सरकार विच भाामिल सी अते चौधरी देवी लाल दा गुणगाान कर रहे सन, हुण इन्हानूं कुर्सी नहीं मिली, ऐस लई उन्हांनूं हैरानी हो रही है। (विघ्न) जदां तो चौधरी हुकम सिंह जी दी सरकार आई, उदों तों इन्हांनें कोई गडबड नहीं होण दित्ती (विघ्न) जदां बी0डी0 गुप्ता करीब करीब दो महीने तक सी0एम0 दे ओहदे ते हुंदे सन तां चौबीसों घंटे राज्य विच गडबड रहिंदी सी। (विघ्न) चौधरी देवी लाल जी दी सरकार दे समय विच

भावें कोई सिख होवे जां हिन्दू होवे या किसी होर बिरादरी दा होवे, किसे नूं कोई तकलीफ नहीं सी हुंदी। (विघ्न) चौधरी भजन लाल दे समय दी इक गल मैं तुहानूं बताउणा चाहंदा हां कि उस समय सिक्खां दे नाल बडी ज्यादती होंदी सी। उस समय विच सिक्खां दी पगडी तक उतारी गईं सी। अज्ज चौधरी देवी लाल जी अते मास्टर हुकम सिंह दी सरकार विच सिक्ख अते दूजियां सारियां कौमां ऐ ा ले रहियां हन, किसे नूं कोई तकलीफ नहीं है। चौधरी देवी लाल जी नूं जिहडे साडे साथी धोखा देकर गये हन, उन्हांनूं नां ते जनता बख्भोगी अते न मालिक बक ोगा। (ाोर)

श्री अध्यक्षः आप जल्दी खत्म कीजिए।

श्री आत्मा सिंह गिलः अध्यक्ष महोदय, हुण मैं अपने हलके दी गल आपजी दे नोटिस विच लियाणा चाहुंदा हां। अज तक मेरे हल्के दे अन्दर इक वी सडक नहीं बणी। (विघ्न) मैं सरकार ने नोटिस विच लाउणा चाहुंदा हां कि रंगोई नाले ते जो कम भाुरू हो चुकिया है, उसनूं पूरा कीता जावे, क्योंकि उस कम दे पूरा न होण दी वजह नाल हड दे समय हर साल तकरीबन डेढ करोड रूपये दी फसल खराब हो रही है। इसलई मेरी सरकार तों विनती है कि इस कम नूं जल्दी तों जल्दं पूरा कीता जावे ताकि इस होण वाले नुकसान नूं रोकया जावे। इसे तरां तो सडकां मेरे हलके विच बनाइयां जाणियां हन, उनहां नूं वी जल्दी तों जल्दी बनाया जावे। (घंटी) इसलई मेरी सरकरर तों दोबारा विनती है कि

मेरे हल्के विच जिहडे अधूरे कम पेय होये हन, उन्हांनूं छेती तों छेती पूरा कीता जावे। धनवाद।

श्री मुनी लाल (बावल–अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, हमारे मंत्री महोदय श्री तैयब हुसैन ने जो बजट पे ा किया है, उसमें कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया गया है क्योंकि इनकी अब टैक्स लगाने की आव यकता भी नहीं थी क्योंकि आज से दो महीने पहले ही ये काफी मात्रा में टैक्स लगा चुके हैं। जैसे टोल टैक्स लगाया है, खाद पर टैक्स लगाया है और सीमेंट आदि पर टैक्स लगाया है। जब इतनी सारी चीजों पर ये पहले ही टैक्स लगा चुके हों तो अब टैक्स लगाने की जरूरत नहीं थी। हमारे वित्त मंत्री महोदय ने कहा है कि बजट का 71 प्रति ात पैसा देहात में खर्च होगा। (विघ्न) मैं सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं कि जो विपक्ष के एम0एल0एज0 हैं उनके हलकों में सरकार कोई काम नहीं कर रही। मैं गुजारि ा करता हूं कि सरकार हमारे इलाके में भी स्कूलों का स्तर ऊंचा करे और नए हस्पताल व बिजली पानी का प्रबन्ध किया जाये। हमारे इलाके में सडकों की बहुत खराब हालत है। खस्ता हालत में जो सडकें हैं, उनको भी ठीक किया जाये।

13.00 बजे।

गांव में जो पंचायत भवन नहीं बने हैं या जो हरिजन चौपालें नहीं बनी हैं उनको बनाया जाए और जो रिपेयर होने

लायक हैं उनकी रिपेयर भी की जाए। इसके साथ ही साथ जो गांव सडकों से नहीं जुडे हुए हैं उनको भी सडकों से जोडा जाए। अभी तक भी ऐसे गांव हैं जो 43 वर्श की आजादी के बाद भी सडकों से नहीं जोडे गए हैं। मैं सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं। मैं खुद उस गांव से विधायक हूं जिसे सडके के साथ नहीं जोडा गया है। इस सडक को बनाने के लिये तीन बार ऐस्टिमेटस बने हैं और तीनों ही बार कैंसल हुए हैं। स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करूंगा कि इस तरफ भी ध्यान दिया जाए। स्पीकर साहब, हमारी सरकार वैसे तो किसानों की बहुत ही हमदर्द है और इस बात का प्रचार भी खूब किया जाता है लेकिन आज तक इस सरकार ने किसानों को बीज, खाद, कीटना ाक दवाईयां आदि उचित मूल्य पर उपलब्ध नहीं करवाई। जो कीटना ाक दवाईयां हैं उनके रेटस बहुत ज्यादा हैं और उनसे कोडे मरते भी नहीं क्योंकि दवाएं नकली होती हैं। स्पीकर साहब, डीजल के रेटस भी बहुत ज्यादा हो गए हैं। आज डीजल 6 से लेकर 8 रूपये लीटर तक बिक रहा है और वह भी मिलता नहीं है और इसकी ब्लैक की जा रही है। स्पीकर साहब, खाडी युद्ध से पहले तेल का मूल्य 34 हजार प्रति बैरल था जबकि अब तेल का मूल्य 16 डालर प्रति बैरल हो गया है लेकिन भारत सरकार के पास फारेन करन्सी की कमी होने के कारण वह अधिक तेल खरीद नहीं रही है। डीजल एक बहुत ही आव यक वस्तु है लेकिन बडे बडे लोगों द्वारा इसकी ब्लैक करके भंडार किया जा रहा है। दूसरी ओर सरकार वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं कर

सकी (विघ्न) सम्पत सिंह जी, आपने और श्री चौटाला ने मेरे पेट्रोल पम्प पर पुलिस बिठा दी थी और पैट्रोल बिकने नहीं दिया था। (विघ्न एवं भाोर)

Mr. Speaker: Sh. Muni Lal Ji, this is not the way. Please address me.

प्रो0 सम्पत सिंहः जब पैट्रोल और डीजल की ब्लैक होगी तो पुलिस तो वहां पर जाएगी। (विघ्न एवं भाोर)

Mr. Speaker: No interruptions please.

श्री मुनी लालः अध्यक्ष महोदय, मैं यह मांग करूंगा कि किसानों को डीजल भाीघ्र और सस्ता मिलना चाहिए। दूसरी तरफ सरकार यह कहती है कि हमने गेहूं का रेट बढा कर 215 रूपये क्विंटल कर दिया। किसान को तो रेट कम दिया जाता है परन्तु लाला की दुकान पर साढे पांच रूपये किलो के हिसाब से गेहूं बिक रहा है। (विघ्न) स्पीकर साहब, सरकार कहती है कि हमने सरसों का रेट बढा दिया है, रेट ऊंचा कर दिया है। सरकार का रेट 600 रूपये क्विंटल का है। जबकि इसका बाजारी भाव 1100 रूपये प्रति क्विंटल है। यह बढा हुआ पैसा किसान को नहीं मिलता बल्कि दुकानदार ले जाता है। स्पीकर साहब, अब मैं सिंचाई के बारे में थोडा सा कहना चाहूंगा। (विघ्न) स्पीकर साहब, हमारा प्रदे ा कृशि प्रधान प्रदे ा है और एस0वाई0एल0 नहर हरियाणा की जीवन रेखा है। हरियाणा प्रदे ा के रिवाडी महेन्द्रगढ और नारनौल जैसी जगहों पर सिंचाई के साधन बहुत ही कम हैं और

सिंचाई के लिहाज से ये क्षेत्र बहुत ही पिछडे हुए हैं क्योंकि इनको नहर का पानी नहीं लगता और वाटर लैवल भी बहुत नीचे चला गया है। मैं सरकार से गुजारि ा करूंगा कि वह इस ओर वि ोश ध्यान दे एम0आई0टी0सी0 के 10 टयूबवैल्ज मेरी कांस्टिचुऐंसी में हैं। इन दसों टयूबवैल्ज की मोटरें खराब हैं या किसी अन्य कारण से या खराबी से टयूबवैल्ज बन्द पडे हैं जिसके कारण किसान बडे परे ाान हैं।

जवाहर लाल नेहरू कैनाल हमारे रिवाडी भाहर की ओर से निकलती है लेकिन मेरे हल्के में नालियां पक्की नहीं हैं खाले नहीं हैं जिस कारण हमारे इलाके में पानी नहीं मिलता और बेचारे किसान खेाती नहीं कर पाते हैं। स्पीकर साहब, अब मैं कर्जे माफी के बावत थोडी बात कहना चाहता हूं। कर्जे माफी के नाम पर गरीबों का कोई भला नहीं किया गया केवल उन लोगों के कर्जे माफ हुए हैं जो बडे बडे किसान हैं या जिनके पास ट्रैक्टर हैं। अनुसूचित जाति तथा पिछडा वर्गों तथा छोटे लोगों के कर्जे माफ नहीं किए गए हैं और उन्हें कर्जे माफी की स्कीम का कोई लाभ नहीं हुआ है जबकि इस बजट में अनुसूचित जाति तथा पिछडा वर्ग कल्याण निगम और हरिजन कल्याण निगम द्वारा 7.54 करोड रूपये के कर्जे माफ करने की बात कही गई है। चौधरी देवी लाल जी ने इलैक ान के समय कर्ज माफी का वायदा भी किया था लेकिन गरीब लोगों को इससे कोई खास फायदा नहीं हुआ है।

Mr. Speaker: Muni Lal Ji, this is not the way. Please be relevant and wind up too.

श्री मुनी लालः स्पीकर साहब, धारूहेडा के अंदर उद्योग लगे हुए हैं मैं सरकार से गुजारि ा करूंगा कि बडे बडे उद्योगों की बजाए छोटे उद्योगों को बढावा दिया जाए ताकि ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके।

स्पीकर साहब, एक बात की ओर मैं हरियाणा सरकार का ध्यान जरूर दिलाना चाहूंगा कि वहां पर जो लोकल लोग होते हैं, उनको मजदूरी दी जाये। बडे बडे उद्योगपति वहां से लोकल लोगों को न लेकर बाहर से मजदूर लाते हैं।

Mr. Speaker: Mr. Muni Lal Ji, now you please take your seat. (Interruptions).

श्री मुनी लालः स्पीकर साहब, सरकार को इसकी तरफ भी ध्यान देना चाहिये। बडे बडे उद्योगों में चाहे वे फरीदाबाद के अंदर हों, पानीपत के अंदर हों या कहीं दूसरी जगह हों, हमारे लोगों को प्रैफरैंस मिलना चाहिये और जैसे खाद की या बाटा की एजेंसियां हैं, ये हमारे यहां के पढे लिखे नौजवानों को प्रायरिटी पर मिलनी चाहिये।

Mr. Speaker: Mr. Muni Lal, you please take your seat. (Interruptions).

श्री मुनी लालः स्पीकर साहब, हरियाणा परिवहन के मामले में सबसे आगे है। ये कहते हैं कि हरियाणा की परिवहन

हिन्दुस्तान में सबसे अच्छी है। मैं भी इस बात को मानता हूं लेकिन क्या मंत्री जी यह बताएंगे कि डीलक्स और ए0सी0 बसों के अंदर बी0सी0 आर0 क्यों नहीं चलते जबकि पैसेंजर से चार्जिज पूरे लिये जाते हैं। ये चण्डीगढ से दिल्ली तक ए0सी0 बस का एक सीट का किराया 141 रूपये चार्ज करते हैं। ये कहते हैं कि हमारी ए0सी0 बस हैं लेकिन दिसम्बर और जनवरी के सर्दी के महीनों में उनमें होटिंग का नाम भी नहीं होता है। क्या वे पैसेन्जर्ज से चीटिंग नहीं है ?

Mr. Speaker: Mr. Muni Lal, this is the height of indiscipline on your part. Now you please take your seat. (Interruptions).

श्री मुनी लालः ठीक है जी, धन्यवाद।

वित्त मंत्री (श्री तैयब हुसैन): मोहतरिम स्पीकर साहब, मैं अपने साथियों का म ाकूर हूं कि उन्होंने बजट पर जनरल डिस्क ान में हिस्सा लिया और कुछेक ने कंस्ट्रक्टिव सुझाव भी दिये। इनमें से जिन्हौंने मुखालफत की, वह बराये नाम मुखालफत की बात की है। तो मैं ज्यादा वक्त नहीं लूंगा। जहां तक इस बजट में डैफि ाट की बात कही गयी है, अगर यह आंकडों के हिसाब से देखा जाये तो डैफि ाट 65 करोड रूपयें का था लेकिन अगर आप क्लोजिंग बैलैन्स देखेंगे तो 63 करोड का है। तो एक तरह से यह 2 करोड रूपये का सरप्लस का बजट है।

श्री बनारसी दास गुप्ताः आपने घाटा तो 95 करोड रूपये का दिखाया है।

श्री तैयब हुसैनः 30 करोड रूपया रिलीफ जो एम्पलाईज को दिया गया, उसको मिलाकर 95 करोड रूपये का घाटा बना है। अब यह घाटा 63 करोड रूपया रह गया है। इस तरह से यह दो करोड रूपये सरप्लस का बजट है। एक तरफ तो आप लोग घाटे की बात करते हो और दूसरी तरफ यह कहते हो कि मुलाजिमों को सब कुछ दिया जाना चाहिये। (व्यवधान व भाोर)

श्री अध्यक्षः गुप्ता जी, आप मुझे ऐड्रैस करें। आप सैकंड फोरम क्यों क्रिएट कर रहे हो ?

श्री तैयब हुसैनः इसमें हमने 30 करोड रूपये का रिलीफ तो जो एम्पलाईज को दिया है, वह है। वरना तो यह 2 करोड रूपये से ज्यादा का सरप्लस बजट बनता है। यह आंकडे आप देख लें। अगर आपके साथी न समझें तो आप उनको समझा दें। 63 करोड रूपया हमारा क्लोजिंग बैलैन्स है। यह आप देख लीजिये। (व्यवधान व भाोर)

श्री बनारसी दास गुप्ताः स्पीकर साहब, बजट तो सरप्लस अच्छा नहीं होता, बजट तो घाटे का ही अच्छा होता है।

श्री तैयब हुसैनः स्पीकर साहब, यह 65 करोड रूपये का तो घाटा छोड कर गये थे और 30 करोड रूपये का रिलीफ हमने मुलाजिमों को दिया है। इसके साथ ही हमने अपने जवानों को भी

और सुविधा दी हैं। हमारे एच0ए0पी0 के जो कांस्टेबल हैं, डाईट मनी उनकी हमने 100 रूप्ये से बढाकर 150 रूपये की है और बाकी दूसरे सिपाहियों को क्योंकि उनको भी औड आवर्ज में डियूटी देनी पडती है 100 रूपये महीना दिया है। इसका खर्चा पौने चार करोड रूपये के करीब बैठता है जो हमने अपने पुलिस के मुलाजिमों को दिया है। इस तरह से कुल लगभग 34 करोड रूपये का रिलीफ हमने अपने मुलाजिमों को दिया है। इसको चाहे आप घाटा कह लो या ज्यादा कह लो या कुछ और कह लो। हमने सारे के सारे मुलाजिमों को इस तरह से रिलीफ दिया है।

श्री बनारसी दास गुप्ताः घाटा तो गलत बात नहीं है लेकिन आप यह बतायें कि इस घाटे को आप किस तरह से पूरा करेंगे ? क्या तरीका अपनायेंगे ?

श्री तैयब हुसैनः गुप्ता जी मैं उस पर भी आ रहा हूं। मैं यह अर्ज कर रहा था कि इस सिलसिले में प्रोफैसर परमानन्द जी ने वी0पी0 सिंह का जिक्र किया। मैं इस बारे में इनसे पूछना चाहूंगा कि जब मोडीफाईड गाडगिल फार्मूला पे ा किया गया था, उस समय प्रधान मंत्री कौन था ? (विघ्न) मैं इनको बताना चाहूंगा कि उस समय वी0पी0 सिंह ही प्रधान मंत्री थे, जब यह गाडगिल फार्मूला पे ा किया गया। यह जो फार्मूला पे ा किया गया, उसके तहत हमारी स्टेट को घाटा हुआ है और उस समय वी0पी0 सिंह ही प्रधान मंत्री थे।

स्पीकर साहब, मैंने सारी बातें बजट में खोल कर रख दी है। हमें जो नुकसान हुआ है वह गाडगिल फार्मूले के कारण तथा फाइनैंस कमि ान के कारण हुआ है। मैं तो यह कहता हूं कि हमारा जो डाइसैन्टिग नोट था वह भी प्रोसीडिंग्ज में दर्ज नहीं हुआ। स्पीकर साहब जब वी0पी सिंह प्राइम मिनिस्टर थे तो गाडगिल फार्मूला और फाईनैंस कमि ान की सिफारि ा मंजूर की गई थीं। फाईनैंस कमि ान कांग्रेस गवर्नमैंट ने बनाया था। स्पीकर साहब, चौधरी धीरपाल जी ने कर्जा माफी का जिक्र किया और सदन को बताया कि चौधरी देवी लाल की इंटरवैन ान के बाद ही वह मामला हमारी स्टेट में लागू हो गया। कर्जा माफी से 10.36 लाख लोगों का 266.05 करोड रूपया माफ हुआ है। (ोर एवं व्यवधान)

स्पीकर साहब, गुप्ता जी कह रहे हैं कि जो घाटा है उसको पूरा कैसे करेंगे ? इसके बारे में मैं कहना चाहता हूं कि अभी सैन्टर का पूरा बजट पे ा नहीं हुआ। एक तो उसके तहत जो रकम आनी है उससे पूरा होगा और दूसरे हम अपने खर्च में भी कमी करके पूरा करेंगे। हम अपने खर्च में इकौनौमी करेंगे। स्पीकर साहब, जैसे कि आपने देखा है कि पहले भूगर मिल्ज में घाटा था लेकिन अब वे मिलें मुनाफे में चल रही हैं। इस बजट स्पीच में हमने सारी बातें कहीं हैं। कोई बात इस सदन से छिपाई नहीं है। सारी बातें तफसील से बताई हैं। श्री हरनाम सिंह जी ने कहा कि कर्जा लेने से डिवैलपमैंट के काम रूक जाएंगे क्योंकि

कर्जे का ब्याज बहुत अधिक देना पडेगा और स्टेट पर बडा बोझ पडेगा। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि डिवैल्पमैंट के काम के लिए अगर कर्जा लिया जाए तो कोई बुरी बात नहीं। अगर हमें अपनी स्टेट को आगे बढाना है तो कर्जा लेने में क्या हर्ज है ?

स्पीकर साहब, रावत जी ने कहा कि पहले 54 प्रति ात लोग ऐग्रीकल्चर पर निर्भर थे और अब घटाकर 44 परसैंट पर आ गए हैं। स्पीकर साहब, वे भाायद समझ नहीं पाए। यह तो अच्छी बात है। उनकी डाईवरसिफिके ान हुई है। वे ऐग्रीकल्चर से हट कर दूसरी तरफ चले गए हैं। जहां तक मैंचिंग ग्रांट का ताल्लुक है जो भी हमने प्रोवीजन किया है वह आपके सामने है। स्पीकर साहब, पहले यह रा ि ा 1.42 करोड थी लेकिन अब 1.62 करोड रखी गई है। स्पीकर साहब, मैं गुप्ता जी से कहना चाहता हूं कि वे आगे भी पढें। मैंने इस बजट में आगे कहा है और इस सदन को यकीन दिलाना चाहता हूं कि मैंचिंग ग्रान्ट का कोई अभाव नहीं होगा और नियमानुसार सारे काम होंगे।

मोहतरिक स्पीकर साहब, एस0वाई0एल0 के बारे में आज ही सुबह आई0पी0एम0 साहब ने क्वै चन आवर में बडी तफसील के साथ बताया है। हम बार बार यह कह रहे हैं कि जो 55 करोड रूपया हमने एस0वाई0एल0 पर खर्च किया है, केन्द्र सरकार उसे हमें वापिस करे और ऐसा हम पहले भी कहते आ रहे हैं। (ाोर एवं व्यवधान) इसी तरह से आगरा कैनाल के बारे में भी रावत साहब ने कहा कि फरीदाबाद और गुडगांव दोनों जिलों

में इसकी प्रोबलम है। वह इसलिये है कि इस नहर का ऐडमिनिस्ट्रेटिव प्रबन्ध यू0पी0 सरकार का है। यह मामला हमने यू0पी0 सरकार के साथ टेक अप किया हुआ है। हम यह चाहते हैं कि इसका सारा कंट्रोल हरियाणा सरकार के पास आए ताकि यह दिक्कत हमे ाा के लिये दूर हो जाए और वहां पर ड्रेनज व नहर इत्यादि बन सकें।

स्पीकर साहब, जहां तक पुलिस के खर्चे की बात है, इस पर भी काफी चर्चा यहां हाउस में चलती रही है। मेरा कहना यह है कि अगर ला एण्ड आर्डर को हमने ठीक रखना है तो पुलिस के ऊपर ज्यादा खर्च करना ही पडेगा। आपको पता है कि हमारी योग्य और बहादुर पुलिस ने जो पंजाब की भारी समस्या थी और है उसको हरियाणा के अन्दर दाखिल नहीं होने दिया है। उस समस्या को हमने आगे बढने नहीं दिया है। उसको पीछे धकेल कर हमने वहीं का वहीं रहने दिया है।

इसी तरह से मोहतरिम स्पीकर साहब, सेल्ज टैक्स के बारे में भी बहुत कुछ कहा गया। मैं यह बताना चाहता हूं कि सेल्ज टैक्स में जो कन्र्स ांज इस साल दी गई हैं, वहीं पिछले साल भी दी गई थीं और यह सब चौधरी देवी लाल जी के भाासन काल की ही बात है। कुछ बातें बजाज साहब ने भी कहीं। करनाल से आज 66 परसैंट यंत्र बाहर जाते हैं उन पर भी टैक्स हटाया गया है। मैं सभी माननीय सदस्यों को यह आ वासन दिलाता हूं कि जो भी जायज होगा उस पर सरकार बडी हमदर्दी से गौर

करेगी। सेल्ज टैक्स के बारे में जो हमारी प्रोग्रैस थी, वह हम सब के सामने है।

कुछ बातें यहां पर हमारे माननीय सदस्यों ने कहीं कि कई हल्कों के साथ काम काज के हिसाब से भेदभाव रखा गया है। यह ठीक बात नहीं है। हमारी हमे ाा ही यह कोि ा ा रही है कि पूरी स्टेट के अंदर सभी हलकों के साथ एक समान व्यवहार किया जाए ताकि सभी जगहों पर प्रोग्रेस हो। इसलिए ऐसी भेदभाव वाली कोई बात नहीं है। मेरे एक माननीय साथी श्री रणसिंह मान जी ने एक बात कही कि उन्होंने इस बजट स्पीच को बडी नजदीकी, करीबी और ध्यान से दखा है, पढा है लेकिन मैं मान साहब को यह बताना चाहता हूं कि जिस बात को वे पहले कहते थकते नहीं थे उस बुढापा सम्मानित पैं ान के बारे में उन्होंने एक लफज भी नहीं कहा। अगर मान साहब ने बुढापा पैं ान के बारे में कुछ कहा होता तो अच्छा लगता क्योंकि उनको वि ोश तौर पर इसकी ओर ध्यान रहता था। लेकिन वे कहते भी कैसे क्योंकि सरकार ने इस क्षेत्र में बडा ही सराहनीय काम किया है। इसलिये स्पीकर साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि इस सरकार के दिल में किसी के हलके के साथ कोई भेदभाव वाली बात नहीं है। भाई महेन्द्र प्रताप सिंह जी यहां पर बैठे नहीं है। मैं उन से भी कुछ कहना चाहता था।

डा0 रघुबीर सिंहः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि बुढापा सम्मानित

पैन ान हमने दी है। मैं इनको बताना चाहता हूं कि फार्म के अन्दर बुढापा सम्मानित भाब्द नहीं लिखा है बल्कि बुढापा सहारा पैन ान लिखा है।

श्री तैयब हुसैनः स्पीकर साहब, डा0 साहब बहुत पढे लिखे आदमी हैं और इन्होंने पी0एच0डी0 भी कर रखी है। हम तो साधारण आदमी हैं इसलिए ये खुद ही समझ लें कि क्या लिखा है। महेन्द्र प्रताप सिंह जी ने कहा कि इसमें दो सौ करोड रूपए तो सैंटर का है। उन्होंन स्पीच अच्छी तरह से नहीं पढी। इसमें लिखा है कि 123 करोड रूपया सैंटर से आया है बाकी सारा अपना है। उन्होंने अच्छी बातों को जैसे कर्जा माफी है और पैन ान की बात है उसकी भी बैसाखी बनाने की कोि ा ा की। यह गलत बात है इनको अच्छी बात को तो अच्छा कहना चाहिए था।

वे झुग्गी झोंपडियों का भी जिक्र कर रहे थे। उसके लिए हमने एक योजना बनाई है। हमने फरीदाबाद में फेज वन में 90 एकड जमीन इस काम के लिए रखी है। हम झुग्गी झोंपडियों वालों को 150 रूपये गज के हिसाब से 35–35 गज जमीन देंगे ताकि उनका आउटरनेटिव इन्तजाम हो सके। तो स्पीकर साहब, ये सब चीजें हैं जो हमने की हैं, किसी तरह का कोई फर्क नहीं है। एक बात यहां कही गई कि किसानों को कोई बैनिफिट नहीं दिया गया। हमने इसी साल पैस्टीसाइडज और सीडज पर सेल्ज टैक्स माफ किया है। श्री अनिल विज जी कह रहे थे कि व्यवस्था में

परिवर्तन की कोई बात नहीं हुई है। स्पीकर साहब, यह सब को पता है कि चौधरी देवी लाल जी ही व्यवस्था में परिवर्तन लाए हैं। (विघ्न) कर्मचारियों के बारे में हमारे साथी अनिल विज जी बोल रहे थे, वे भाायद यह नहीं समझ पाए कि कर्मचारियों की मांगें क्या हैं और क्या नहीं हैं ? मुख्य मंत्री जी ने इस मसले को तय करवाया वरना यह इतनी जल्दी तय होने वाला नहीं था। विज साहब ने कहा कि 1.1.86 को यह हो गया और 1.1.91 को वह हो गया। मैं इन दोनों डेटस के बारे में इनको बता देता हूं। स्पीकर साहब 1.1.86 से चौथे पे कमी ान की रिकमैंडे ांज लागू हुई। जो पुरानी तनख्वाह थी वह बढ कर मिलने लग गई। 1.1.91 से हमने ऐडवांसमैंट स्कीम को लागू किया है। पिछली बजट स्पीच में यह कहा गया था कि दो ऐडवांसमैंटस का पूरे साल का खर्चा 4–5 करोड रूपए पडेगा। हमने बढा कर वह खर्चा साढे आठ करोड रूपए कर दिया है। जहां तक मुलाजिमों की बात है, मुझे इनकी सारी यूनियनों से बात करने का मौका मिला था। मेरे साथ चीफ सैक्रेटरी भी थे और फाइनैंस सैक्रेटरी भी थे। सर्व कर्मचारी संघ के लोग सात तारीख को जब आए तो इतने उत्सुक थे और चाहते थे कि आठ तारीख को ही इन बातों का जब आए तो इतने उत्सुक थे और चाहते थे कि आठ तारीख को ही इन बातों का ऐलान कर दिया जाए। मेरे अपने दफतर के कमरे में उनके साथ बातचीत हुई थी। हमने कहा जितनी भी हरियाणा में यूनियन्ज हैं चाहे वह हरियाणा सबोर्डीनेट सर्विस फैडरे ान है, चाहे वह कर्मचारियों को कोई यूनियन है और चाहे सैक्रेटेरियट के

कर्मचारियेां की ऐसोसिए ान है उन सभी से बात होगी। लगातार 15–16 दिन तक बात करके उनकी मांगों के बारे में सरकार ने फैसला किया है। कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि किसी भी यूयिन ने सरकार का लिखित रूप में धन्यवाद नहीं किया। मैं कहता हूं कि कुछ यूनियनों ने बाकायदा लिखित रूप में सरकार का धन्यवाद किया है। आप अगर किसी पोलिटीकल मकसद को पूरा करने के लिए यह बात कहते हैं तो वह अलग बात है लेकिन उससे आपको कुछ हासिल होने वाला नहीं है। हरियाणा के कर्मचारियों को जितनी भी यूनियन्ज हैं उन सभी से बाकायदा मेरी बात हुई है। उन सभी से बातचीत करके ही सरकार ने उनकी मांगों को माना है जिसके लिए कुछ यूनियनों ने लिख करके सरकार का धन्यवाद किया है। उनकी जो सही मांगें थीं वें हमने मान ली हैं और वे सारीं बातें आपके सामने अनाउंस भी की हैं।

बैठक का समय बढाया जाना

श्री अध्यक्षः अगर हाउस की सहमति हो तो हाउस का टाईम 15 मिनट ऐक्सटैंड कर दिया जाए।

आवाजें: ठीक है जी।

श्री अध्यक्षः हाउस का टाईम 15 मिनट ऐक्सटैंड किया जाता है।

वर्श 1991–92 के बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)

श्री तैयब हुसैनः अध्यक्ष महोदय, हमारे आदरणीय मुख्य मंत्री जी ने यह कहा था कि कर्मचारियों की सब बातें सुन करके फैसला किया जाए। इसलिए हमने हरियाणा के कर्मचारियों की तमाम यूनियनों के लोगों को बुला करके उनके साथ बात की। ऐसी कोई भी यूनियन नहीं है जिसके वर्कर के साथ हमारी बात न हुई हो। सभी के साथ बात करके यह फैसला लिया गया था।

स्पीकर साहब, अपोजी ान लीडर श्री सूरज भान जी ने हरिजनों के बारे में कुछ बातें कहीं हैं। मैं उनको बडे अदब के साथ अर्ज करना चाहूंगा कि इस मौजूदा सरकार ने हरिजनों के साथ न कभी पहले कोई भेदभाव किया है और न ही आगे कोई भेदभाव करने का इरादा रखती है। हरिजनों के बारे में सरकार पर जो आरोप लगाए गए हैं वे निराधार और बेबुनियाद हैं।

मैं एक बात बडे अदब के साथ और अर्ज करना चाहूंगा कि ओला वृश्टि के कारण हुए फसलों के नुकसान का मुआवजा देना हमने भाुरू किया था। जिस समय यह योजना लागू की गई उस समय यह बात सामने आई थी कि हरिजनों का लामणी में जो पांच परसैंट मिलता है वहीं पांच परसैंट इस तरह के प्राकृतिक प्रकोप से हुए नुकसान के मुआवजे में से भी दिया जाए। वह पांच परसैंट पैसा उनको भी मिलता है। इसके अलावा चौधरी देवी लाल जी ने हरिजनों को दो बच्चों तक बच्चा और जच्चा के लिए इमदाद देने की बात कही थी वह इमदाद भी उनको दी जा रही है। हिन्दुस्तान के किसी भी दूसरे सूबे में हरिजनों को ऐसी

सहूलियतें नहीं दी जा रही हैं। इसके अलावा कई माननीय सदस्यौं ने एक परिवार एक रोजगार के बारे में बहुत कुछ कहा। स्पीकर साहब, मेरी समझ में यह बिल्कुल नहीं आता कि रोजगार मिलने से इनको क्या परे ाानी है ? (विघ्न) मोहतरिम स्पीकर साहब, अगर सरकार कोई अच्छी बात करने जा रही हो तो उससे इनको परे ाानी नहीं होनी चाहिए। (विघ्न) आप मुझे बोलने का मौका दें। मैं सारी स्थिति स्पश्ट कर दूंगा।

Mr. Speaker: Mr. Vij , is it the way. Please take your seat.

(श्री अनिल कुमार विज की ओर से विघ्न)

श्री राम बिलास भार्मा: अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय फरमा रहे हैं कि सरकार कोई अच्छा काम करे तो उससे हमें कोई परे ाान क्यों ? मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि हमें कोई परे ाानी नहीं है। परन्तु आपकी ही सरकार ने हाई कोर्ट में ऐफिडेविट दिया है कि हमारे पास जगह खाली नहीं है। (विघ्न) एस0एस0एस0 बोर्ड से जो लडके सिलैक्ट हुए थे और जिनको लगाया नहीं गया था उन लोगों की तरफ से रिट की गई थी और उसके जवाब में सरकार ने कहा है कि हमारे पास कोई जगह खाली नहीं हैं जब जगह खाली नहीं थी तो ये रोजगार कैसे दैंगे ? (ाोर) ये या तो अदालत में गलत बात कह रहे हैं या यहां पर गलत बात कह रहे हैं।

Mr. Speaker: He is clarifying the position. Please take your seat.

श्री तैयब हुसैनः कुछ ऐसे लोगों को परे ाानी हो सकती है जिन लोगों ने पहले ही नौकरियों पर कब्जा किया हुआ है और जो अब भी कब्जा रखना चाहते हों। सरकार जो व्यवस्था अब करने जा रही है उससे ऐसे लोगों को नौकरियां हथियाने का मौका नहीं मिलेगा। इसलिए उनको यह परे ाानी हो रही है। (विघ्न)

स्पीकर साहब, यहां पर अर्बन वाटर सप्लाई के बारे में भी चर्चा की गई। मैं हाउस की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि इस काम के लिए चालू साल में 5.60 करोड रूपये खर्च किए गए हैं और अगले साल इस पर 8.60 करोड रूपये खर्च किए जाएंगे। मान साहब ने कहा कि कम्यूनिटी डिवैल्पमैंट के लिए सिर्फ 2.60 करोड रूपये ही रखे गए हैं। मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि बहुत सी ऐसी स्कीमें हैं जिन के जरिए कम्युनिटी डिवैल्पमैंट के काम किए जाते हैं। जैसे जवाहर रोजगार योजना है डि सेन्ट्रेलाइज्ड प्लानिंग है, वाटर सप्लाई की स्कीम है या मैंचिंग ग्रान्ट जैसी बहुत सारी स्कीमें हैं जिनके जरिए कम्यूनिटी डिवैल्पमैंट के काम किए जाते हैं। इन सब स्कीमों को भाायद इन्होंने देखा नहीं। इन्होंने बजट का अध्ययन तो बडे गौर से किया है लेकिन इनकी निगाहें इन स्कीमों से रह गई क्योंकि उस वक्त इनकी निगाहें कहीं और होंगी। (विघ्न) स्पीकर साहब,

कई साथियों ने बोलते हुए अपनी बात कही। अपोजी ान के साथियों ने सिवाय मुखालफत के और कुछ नहीं किया। इस प्रकार से भगवान सहाय रावत ने अपनी बात कहते हुए कहा कि हथीन क्षेत्र की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा। मैं इनको बताना चाहता हूं कि हथीन ब्लाक अकेला उनका ही नहीं है। मेरे हल्के में भी हथीन ब्लाक का क्षेत्र आता है। हथीन की जितनी ज्यादा चिन्ता इन्हें है उतनी मुझे भी है। मैं इन्हैं बताना चाहता हूं कि मेवात विकास बोर्ड के लिए चालू साल में 2 करोड 40 लाख रूपये रखे गए थे जो अब बढा कर 3 करोड 30 लाख रूपये किए गए हैं। साथ ही साथ मैं इन्हें यह बताना चाहता हूं कि हथीन क्षेत्र इण्डस्ट्रीयल बैकवर्ड घोशित किया गया है। इसी प्रकार से वहां पर मानपुर से पानी लाने के लिए एक करोड रूपये खर्च करने की योजना है ताकि पानी की समस्या को कुछ हद तक दूर किया जा सके। इसके अलावा वहां पर एक माडर्न स्कूल खोला जा चुका है। इसके अतिरिक्त वहां पर तीन आई0टी0आईज0 भी पहले ही खोली जा चुकी है। इसी प्रकार से हथीन क्षेत्र के लिए और भी बहुत से काम किए जा रहे हैं। अंत में मोहतरिम, स्पीकर साहब, मैं उन सभी सदस्यों का भाुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंने इस बजट का कन्स्ट्रक्टिव क्रिटिसीजम किया है। (धन्यवाद)

श्री अध्यक्षः अब हाउस कल सुबह साढे नौ बजे तक ऐडजर्न किया जाता है।

13.35 बजे।

(तत्प चात सदन बुधवार, दिनांक 13 मार्च 1991 प्रातः 9.30 बजे तक स्थगित हुआ।)